| | राजस्थान राजपत्र<br>विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE<br>Extraordinary |
|---|---|---|
| सत्यमेव जयते | साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |
| | आषाढ़ 17, मंगलवार, *शाके* 1947- जुलाई 08, 2025<br>*Asadha 17, Tuesday, Saka 1947- July 08, 2025* | |

**भाग 5 (घ)**

**औद्योगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत दिये गये निर्णय।**

**श्रम विभाग**

अधिसूचना

**जयपुर, जुलाई 04, 2025**

**संख्या एफ.14(11)(1)श्रम/विधि/2017/पार्ट/00882** :-राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 (1958 का अधिनियम 31) की धारा 3 की उपधारा (2) में प्रदत्त शक्तियो के प्रयोग में राज्य सरकार एतद्धवारा अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थानो को उक्त अधिनियम की धारा 22 के प्रावधानो से,इस अधिसूचना के राजस्थान राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से निम्नलिखित शर्तो के अध्यधीन छूट प्रदान करती हैः-

1.महिला कर्मचारी की सहमति प्राप्त करने के बाद ही नियोजक द्धवारा रात्रिकाल में नियोजित करने के लिए अनुमति प्रदान की जावेगी।

2.सभी महिला कर्मियो को नियोजक द्वारा नियुक्ति पत्र एवं फोटो सहित पहचान पत्र जारी किये जाएंगे।

3.महिला कर्मचारियो के रात्रि में कार्य करने की स्थिति में उनकी पूर्ण सुरक्षा का दायित्व नियोजक का होगा तथा महिला कर्मचारियो को रात्रि में घर से कार्यस्थल तक आने व वापिस जाने के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था नियोजक द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।

4.कार्यस्थल पर महिला कर्मियो के लिए पृथक विश्राम गृह व सामान रखने के लिए लोकर उपलब्ध कराये जाएंगे।

5.किसी गर्भवती महिला को उसकी सम्भावित प्रसूति तिथि 3 माह पूर्व तथा बच्चे को जन्म देने के पश्चात 3 माह की अवधि में रात्रि में कार्य पर नही बुलाया जाएगा।

6.नियोजक द्वारा कार्यस्थल में सम्भावित यौन उत्पीडन के कृत्य या घटना होने की रोकथाम की व्यवस्था सुनिश्चित की जावेगी।

7.किसी दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान द्वारा उपरोक्त शर्तो का उल्लंघन करने पर दी गई उक्त छूट स्वतः समाप्त मानी जावेगी तथा नियोजक इसके परिणामस्वरूप उक्त धारा एवं अन्य कानूनों के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही के लिए स्वयं जिम्मेदार होगे।

**राज्यपाल के आदेश से,**
**धर्मपाल सिंह,**
**अतिरिक्त श्रम आयुक्त एवं,**
**पदेन संयुक्त शासन सचिव,**
**राजस्थान, जयपुर।**



**राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।**